दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 06/09/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 01	क्रम सं0(Serial No.) 3

तुर्की जा रहे दो यात्रियों से 60 लाख के हीरे मिले

यात्रियों से बरामद हीरे ●सौ. सीआइएसएफ

जासं,नई दिल्लीः आइजीआइ एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ के जवानों की सतर्कता से दो तस्करों को पकड़ा गया। इनके पास से अलग-अलग आकार के हीरे बरामद हुए। बरामद हीरों की कीमत 60 लाख रुपये है। सीआइएसएफ के अधिकारी ने बताया कि चार सितंबर को टर्मिनल-3 पर सुबह छह बजे प्री सिक्योरिटी एरिया में एक व्यक्ति की कमर बेल्ट में हीरा पाया गया। इस यात्री ने अपना नाम जितेंद्र फेरिसो बताया। इसे टर्किश एयरलाइंस के विमान से इस्तांबुल जाना था। यात्री के मोबाइल की जांच की गई, तो पता चला कि वह अनुज पाटिल भगवान के साथ इसी उड़ान में यात्रा करने वाला था। उसके पास भी हीरे थे। इस जानकारी के बाद सीआइएसफ के जवानों ने उसके साथी को भी ढूंढ निकाला। उसके हैंड बैग से हीरे बरामद हुए।